बिहार सरकार,
श्रम संसाधन विभाग,
जिला नियोजनालय, शेखपुरा।

E-mail.ID:- deesheikhpura@gmail.com
Phone No.- 06341-257002

पत्रांक – 566 दिनांक– 11 / 09 / 2024

प्रेषक,

जिला नियोजन पदाधिकारी,
शेखपुरा।

सेवा में,

जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
शेखपुरा।

विषयः– जिला विधिक सेवा प्राधिकार, शेखपुरा के अतंर्गत LADCS कार्यालय हेतु विज्ञापन प्रकाशन की सूचना उपलब्ध करवाने के संबंध में।

प्रसंगः– भवदीय का पत्रांक सं0–210 / DLSA/2024, दिनांक–10.09.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत LADCS कार्यालय हेतु विज्ञापन प्रकाशन के संबंध में पत्र प्राप्त हुआ था। जिसके प्रकाशन हेतु जिला नियोजनालय शेखपुरा द्वारा जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, शेखपुरा को पत्रांक–565, दिनांक–11.09.2024 द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित करने हेतु पत्राचार किया गया है। विज्ञापन प्रकाशन होने के पश्चात उसकी एक प्रति भवदीय को समर्पित की जाएगी। साथ ही इस विज्ञापन की एक प्रति कार्यालय के सूचना पट पर प्रदर्शित की जा चुकी है।

भवदीय को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ हेतु प्रेषित।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

Seen & send it to secretary DLSA
12/9/24
D.J.-cum-chairman
DLSA Sheikhpura
12/9/2024

विश्वासभाजन,
Shikha Roy 11/09/24
(शिखा राय)
जिला नियोजन पदाधिकारी,
शेखपुरा।

बिहार सरकार,
श्रम संसाधन विभाग,
जिला नियोजनालय, शेखपुरा।

E-mail.ID:- deesheikhpura@gmail.com
Phone No.- 06341-257002

पत्रांक –...565 दिनांक–..11../..09../2024

प्रेषक,

जिला नियोजन पदाधिकारी,
शेखपुरा।

सेवा में,

जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी,
शेखपुरा।

विषयः– जिला विधिक सेवा प्राधिकार, शेखपुरा के अतंर्गत LADCS कार्यालय हेतु विज्ञापन से संबंधित आवेदन का प्रारूप प्रकाशन के संबंध में।

संदर्भः– जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, शेखपुरा कार्यालय का पत्रांक सं0–210/DLSA/2024,दिनांक–10.09.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्गित पत्र के संवंध में कहना है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत LADCS कार्यालय हेतु विज्ञापन प्रकाशन के संबंध में पत्र प्राप्त हुआ है।

अतः अनुरोध है कि इस विज्ञापन से संवंधित सूचना स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की कृपा करें।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन,
Shikha Roy 11/09/24
(शिखा राय)
जिला नियोजन पदाधिकारी,
शेखपुरा।

ज्ञापांक– 565 दिनांक–11/09/2024

प्रतिलिपि– संपादक, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, प्रभात खबर एवं दैनिक भास्कर, शेखपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

Shikha Roy 11/09/24
जिला नियोजन पदाधिकारी,
शेखपुरा।

Scanned with OKEN Scanner

**प्रेस विज्ञप्ति**

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, शेखपुरा**

**नियोजन सूचना सं0–01/24, दिनांक–10.09.2024**

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जिला नियोजनालय, शेखपुरा**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत कार्यरत LADCS कार्यालय हेतु संविदा के आधार पर निम्न पदों पर विज्ञापन आमंत्रित किया जाता है–

| क्रम सं0 | पदों का नाम | पदों की सं0 | शैक्षणिक योग्यता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कार्यालय सहायक/क्लर्क | 02 | स्नातक, हिन्दी एवं अंग्रेजी में 30 शब्द टाईपिंग प्रति मिनट तथा कम्प्यूटर का ज्ञान | रू0 16,000/– |
| 02 | रिसेप्शनिस्ट–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर | 01 | स्नातक, हिन्दी एवं अंग्रेजी में 30 शब्द टाईपिंग प्रति मिनट तथा कम्प्यूटर का ज्ञान | रू0 15,500/– |
| 03 | कार्यालय परिचारी/मुंशी | 01 | मैट्रिक पास, साइकिल चलाने का ज्ञान | रू0 11,000/– |
| | कुल | 04 | | |

अलग–अलग पदों के लिए अलग–अलग आवेदन करना है। संयुक्त आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह से सही–सही भरकर स्व हस्ताक्षरित फोटो आवेदन के साथ चिपकाएँ तथा आवेदन के साथ शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता का प्रमाण पत्र, उम्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, तथा स्व पता लिखा हुआ लिफाफा जिस पर रू0–25/– का डाक टिकट के साथ आवेदन निबंधित डाक/स्पीड–पोस्ट के माध्यम से सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, शेखपुरा के पते पर भेंजे।

आवेदन विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर जिला विधिक प्राधिकार, शेखपुरा के कार्यालय में पहुँच जाना चाहिए। उक्त वर्णित तिथि के वाद प्राप्त आवेदन किसी भी रुप में स्वीकार्य नहीं होगा।

सामान्य निर्देशः–

1. आवेदक भारत का नागरिक हो।
2. आवेदक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो तथा अच्छे चरित्र का हो।
3. आवेदक जो सरकारी/अर्धसरकारी सेवा में है, को छोड़कर शेष आवेदक का स्थानीय नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है।
4. सामान्य कोटि के आवेदक का उम्र 01 अगस्त,2024 को 18 वर्ष से कम तथा 37 वर्ष से अधिक उम्र का नहीं होना चाहिए। पिछड़ा वर्ग के आदेवक का उम्र 01 अगस्त,2024 को 18 वर्ष से कम तथा 40 वर्ष से अधिक उम्र का नहीं होना चाहिए, महिला के लिए आवेदिका का उम्र 01 अगस्त,2024 को 18 वर्ष से कम तथा 42 वर्ष से अधिक उम्र का नहीं होना चाहिए तथा अ0जा0/अ0ज0जा0 वर्ग के आवेदक का उम्र 01 अगस्त,2024 को 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक उम्र का नहीं होना चाहिए।
5. परीक्षा शुल्कः– किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।
6. न्यूनतम निर्धारित शैक्षणिक योग्यता मात्र के कारण आवेदक को लिखित परीक्षा या साक्षात्कार हेतु बुलाया जाना सुनिश्चित नहीं है। प्राधिकार के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह आवेदन का स्क्रूटनी(छटाई) कर सकता है।
7. यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आवेदक अपेक्षित योग्यता नहीं रखता हो अथवा उसके द्वारा कोई गलत सूचना दी गई है अथवा छिपाने की कोशिश की गई है तो उनका आवेदन रद्द किया जा सकता है।
8. उपरोक्त सभी पद पूर्णतः संविदा पर आधारित है तथा यह संविदा 01 वर्ष के लिए मान्य होगा और अभ्यर्थी सरकारी सेवक के रुप में भविष्य में दावा नहीं करेंगे।
9. प्राधिकार के द्वारा किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

11/09/24

जिला नियोजन पदाधिकारी, शेखपुरा।

## आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदक का स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट साइज का फोटो

आवेदित पद का नाम-

1. आवेदक का नाम-
2. पिता/पति का नाम-
3. स्थाई पता(पिन कोड सहित)-
4. वर्तमान पता(पिन कोड सहित)-
5. शैक्षणिक योग्यता-

| उत्तीर्ण परीक्षा | वर्ष | विद्यालय/महाविद्यालय का नाम | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

6. अन्य योग्यता-
7. आवेदक की जन्म तिथि-
8. आवेदक का दिनांक- 01.08.2024 को उम्र-
9. आवेदक की राष्ट्रीयता-
10. आवेदक का लिंग- पुरुष/महिला/ट्रांसजेंडर-
11. आवेदक की कोटि- सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग(जाति प्रमाणपत्र संलग्न करें)
12. नियोजनालय का नाम तथा पंजीकरण सं०-
13. क्या आवेदक किसी सरकारी सेवा अथवा प्राइवेट सेवा में कार्यरत है- हॉ/नहीं (यदि हॉ तो प्रमाण पत्र संलग्न करें)
14. क्या आवेदक के विरुद्ध पहले कोई मुक़दमा चला है अथवा वर्तमान में मुक़दमा चल रहा है- हॉं/नहीं(यदि हां तो इसका ब्यौरा संलग्न करें)
15. क्या आवेदक medically fit है(चिकित्सा प्रमाण पत्र संलग्न करें ।

आवेदक का हस्ताक्षर

### उद्घोषणा

मैं एतद् द्वारा यह उद्घोषणा करता हूँ/ करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई सभी सूचनाएं एवं संलग्न प्रमाण पत्र सही है और कोई भी सूचना गलत पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है एवं मेरे विरुद्ध विधिसम्मत कारवाई की जा सकती है

स्थान-

तिथि-

आवेदक का हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार,शेखपुरा

### कार्यालय द्वारा भरा जायेगा

आवेदित पद का नाम-..............................................

आवेदन सं०-..............................................

क्रमांक-..............................................

परीक्षा की तिथि-..............................................

परीक्षा का स्थान-..............................................

परीक्षा का समय-..............................................

आवेदक का स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट साइज का फोटो

### आवेदक द्वारा भरा जायेगा

1. आवेदक का नाम (हिंदी में)-

   (अंग्रेजी में)-

2.आवेदक के पिता/पति का नाम-

3.आवेदक का स्थाई पता-

4.आवेदक का पत्राचार/वर्तमान पता-

5. आवेदक का मोबाइल नं०-

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
शेखपुरा